Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to cancel the existing tender of constructing four lane National Highway connecting Tarsod and Eagne in Jalgoan Parliamentary Constituency, Maharastra and release the tender at EPC Mode.

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव): सभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र जलगाँव में लंबित राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ आकृष्ट करना चाहूंगा। नेशनल ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने 2016 में नेशनल हाईवे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत फोरलेनिंग - टरसोड फागने के निर्माण के लिए बिडिंग की और टेंडर फ्लोट किया। उस परियोजना की एस्टिमेटेड कॉस्ट 197 करोड़ रुपए थी। नवम्बर, 2016 में इस परियोजना का टेंडर एम्बियंट इंफ्रास्ट्रक्चर की अगुवाई वाले कन्सोर्टियम दिया गया। परंतु इस राजमार्ग के निर्माण का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है और वर्ष 2020 तक केवल 14 प्रतिशत कार्य हुआ है। यह निर्माणाधीन होने के कारण 200 से ज्यादा लोगों की राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना के कारण मृत्यु हो गई है। इसके कारण स्थानीय लोगों में बहुत असंतोष व्याप्त है। नेशनल हाईवे ऑथरिटी ऑफ इंडिया के जो प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं, कंसेसनेयर को चार करोड़ रुपये की पेनल्टी लगाई गई है। माइल स्टोन-वन और माइल स्टोन-टू का काम पूरा नहीं किया गया है। मेरी यह मांग है कि परियोजना के लिए दिए गए टेंडर को खारिज किया जाए और ईपीसी मोड पर इसके निर्माण के लिए तत्काल टेंडर किए जाएं और जो प्रोजेक्ट डायरेक्टर है, थर्ड पार्टी क्वालिटी एजेंसी है और कॉंट्रैक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।